# हरियाणा में स्थापित होंगे 6 ऑटोमेटिड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन

## चर्चा में क्यों?

20 अक्टूबर, 2022 को हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने सचिवों की समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों (एटीएस) के ज़रिये वाहनों की फिटनेस जाँच हेतु राज्य में 6 ऑटोमेटिड व्हीकल टेस्टिंग स्टेशन स्थापित किये जाएंगे।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि ये स्टेशन अंबाला, फरीदाबाद, हिसार, करनाल, गुरुग्राम और रेवाड़ी ज़िलों में स्थापित किये जाएंगे। इन स्टेशनों पर लगभग 116 करोड़ रुपए की लागत आने की संभावना है।
- उन्होंने कहा कि यह स्टेशन पीपीपी मोड पर बनाए जाएंगे तथा केंद्र सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 2023 से भारी मालवाहक वाहनों और भारी यात्री वाहनों का फिटनेस टेस्ट एटीएस से करने को अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा मध्यम माल वाहक वाहनों, यात्री वाहनों और हल्के मालवाहक वाहनों के लिये 1 जून, 2024 से लागू करने का प्रस्ताव है। इसलिये राज्य में ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन स्थापित करना अतिआवश्यक हो गया है।
- उन्होंने कहा कि भविष्य में स्क्रैप नीति को भी इन ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशनों से जोड़ने पर भी विचार किया जा रहा है, जिन वाहनों का इन स्टेशनों से फिटनेस परीक्षण नहीं होगा, वे वाहन सीधे स्क्रैप में जाएंगे।
- बैठक में बताया गया कि वर्तमान में रोहतक में एक वाहन फिटनेस स्टेशन संचालित है। इसके अलावा, 6 और नए स्टेशन बनाए जाएंगे। यह स्टेशन आगामी 20 वर्षों के विज़न के अनुरूप तैयार किए जाएंगे तथा ये स्टेशन 3 लेन, 4 लेन या 6 लेन में बनाए जाएंगे।
- एटीएस स्वचालित तरीके से वाहन के फिटनेस की जाँच के लिये कई मशीनों का इस्तेमाल करता है तथा इलेक्ट्रिक वाहनों की जाँच के लिये भी भविष्य में कई नए उपकरणों को शामिल किया जा सकता है। एटीएस मैकेनिकल इक्यूपमेंट्स के ज़रिये वाहन की फिटनेस की जाँच करने के लिये सभी जरूरी परीक्षणों को ऑटोमैटिक तरीके से करता है।
- बैठक में बताया गया कि इन स्टेशनों में वाहनों की फिटनेस जाँच करवाने के लिये आने वाले लोगों के लिये सुविधाएँ मुहैया करवाने पर भी प्रारूप तैयार किया गया है। इनमें एटीएम, लॉन्ज, कैफेटेरिया इत्यादि सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6-automated-vehicle-testing-stations-to-be-set-up-in-haryana